<u>प्रैस विज्ञप्ति</u>

<u>दिनांक 25.04.2021</u>

<u>201 पेटी देशी शराब मिस इंडिया यूपी मार्का (कीमत करीब 6.30 लाख रूपये) मय बुलेरो छोटा हाथी गाड़ी सहित थाना औरंगाबाद पुलिस द्वारा 01 शराब तस्कर गिरफ्तार।</u>

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री सुरेन्द्रनाथ तिवारी के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर श्री संग्राम सिंह के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 24.04.2021 को प्रभारी निरीक्षक औरंगाबाद श्रीमती अरूणा राय के नेतृत्व में थाना औरंगाबाद पर तैनात उ0नि0 शीलेश गौतम, उ0नि0 नरेन्द्र सिंह मय पुलिस फोर्स के क्षेत्र में देख-रेख शान्ति-व्यवस्था एवं संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थे कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक बुलेरो छोटा हाथी में भारी मात्रा में अवैध देसी शराब तस्करी करके स्याना ले जायी जा रही है। इस सूचना पर पुलिस टीम तत्परता से कार्यवाही करते हुए लखावटी चौकी के सामने बैरियर डालकर सघन चेकिंग करने लगे कि थोड़ी देर में औरंगाबाद की तरफ से एक बुलेरो छोटा हाथी आता दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा उक्त गाड़ी को रोककर उसमें सवार चालक को समय करीब सायं 18.35 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त बुलेरो छोटा हाथी गाड़ी को चेक किया गया तो गाड़ी से मिस इंडिया यूपी मार्का की 201 पेटियां शराब बरामद हुई।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-</u>

1- राकेश पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम मढैया खुशहालपुर थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर।

<u>बरामदगी-</u>

1- 201 पेटी देशी शराब मिस इंडिया यूपी मार्का (कीमत करीब 6.30 लाख रूपये)

2- एक बुलेरो छोटा हाथी नम्बर यूपी-23टी-5631

उपरोक्त बरामद शराब मिस इंडिया यूपी मार्का है। अभियुक्त राकेश कम कीमत पर देशी शराब पेटियों की तस्करी कर स्याना ले जा रहा था जो आगामी ग्राम पंचायत चुनाव के अवसर पर प्रत्याशियों एवं आस-पास क्षेत्र में अधिक कीमत पर बेचकर आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से तस्करी का लायी जा रही थी।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध मे थाना औरंगाबाद पर मुअसं-679/2021 धारा 60/72 आबकारी अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-</u>

1. श्रीमती अरूणा राय प्रभारी निरीक्षक थाना औरंगाबाद।
2. उ0नि0 शीलेश गौतम
3. उ0नि0 नरेन्द्र सिंह
4. का0 1161 राहुल, का0 1087 राहुल